# *Delhi Public School, Howrah*

**P.T- II EXAMINATION (2024-2025)**
**CLASS- XI**

***Care must be taken not to write anything on the question paper. All the questions must be attempted in the correct sequence.***

**विषय : हिंदी - सं. (302)**

**अवधिः 3 घंटे** **पूर्णांक = 80**

**सामान्य निर्देश -**

(1) इस प्रश्न पत्र में तीन खंड है- खंड क, ख और ग ।
(2) खंड- (क) में अपठित बोध पर आधारित प्रश्न पूछे जाएँगे। सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे ।
(3) खंड- (ख) में अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।
(4) खंड- (ग) में आरोह भाग -1 एंव वितान भाग -1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर प्रश्न पूछे जाएँगे। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए जाएँगे।

**खंड- 'क' अपठित बोध** 18 **अंक**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** 10

हमेशा से ही भारत की कलाएँ और हस्तशिल्प इसकी सांस्कृतिक और परंपरागत प्रभावशीलता को अभिव्यक्त करने का माध्यम रही हैं। भारत के विभिन्न प्रदेशों में कला की अपनी एक विशेष शैली और पद्धति है, जिसे लोक कला के नाम से जाना जाता है। लोक कला के अलावा भी परंपरागत कला का एक अन्य रूप है, जो अलग-अलग जनजातियों और देहात के लोगों में प्रचलित है। इसे जनजातीय कला के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
भारत की लोक और जनजातीय कलाएँ बहुत ही पारंपरिक और साधारण होने पर भी इतनी सजीव और प्रभावशाली हैं कि उनसे देश की समृद्ध विरासत का अनुमान स्वतः ही लग जाता है।
अपने परंपरागत सौंदर्य भाव और प्रामाणिकता के कारण भारतीय लोक कला की अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में संभावना बहुत प्रबल है। भारत की ग्रामीण लोक चित्रकारी के डिज़ाइन बहुत सुंदर हैं, जिसमें धार्मिक और आध्यात्मिक चित्रों को उभारा गया है। तथापि लोक कला केवल चित्रकारी तक ही सीमित नहीं है।
इसके अन्य रूप भी हैं; जैसे-मिट्टी के बर्तन, गृह सज्जा, ज़ेवर, वस्त्र डिज़ाइन आदि। वास्तव में, भारत के कुछ प्रदेशों में बने मिट्टी के बर्तन तो अपने विशिष्ट और परंपरागत सौंदर्य के कारण विदेशी पर्यटकों के बीच बहुत ही लोकप्रिय हैं।

इसके अलावा, भारत के आँचलिक नृत्य; जैसे- पंजाब का भाँगड़ा, गुजरात का डांडिया, असम का बिहू नृत्य आदि, उन प्रदेशों की सांस्कृतिक विरासत को अभिव्यक्त करते हैं और यही भारतीय लोक कला के क्षेत्र में प्रमुख दावेदार हैं।

भारत सरकार और विभिन्न संस्थाओं ने कला के उन रूपों को बढ़ावा देने का हर संभव प्रयास किया है, जो भारत की सांस्कृतिक पहचान का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न- 1X3=3**

**(i) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए। गद्यांश के अनुसार कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. भारतीय लोक कलाएँ काफी निचले स्तर पर हैं।
2. भारतीय लोक कलाएँ काफी लोकप्रिय हैं।
3. भारतीय लोक कलाएँ मध्यम स्तर पर हैं।
4. भारतीय लोक कलाएँ अत्यधिक विस्तृत हैं।

(क) केवल 1 (ख) केवल 2

(ग) 2 और 3 (घ) 1 और 4

**(ii) भारत के आँचलिक नृत्यों की क्या विशेषता है?**

(क) संबंधित प्रदेशों की सांस्कृतिक विरासत को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने की अभिव्यक्ति

(ख) संबंधित प्रदेशों के व्यवसाय, सामाजिक स्तर को व्यक्त करने की अभिव्यक्ति

(ग) संपूर्ण भारत की कला को व्यक्त करने की अभिव्यक्ति

(घ) विदेशी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय

**(iii) प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उचित शीर्षक लिखिए।**

(क) प्रादेशिक कलाएँ (ख) विविध संस्कृतियाँ

(ग) भारतीय कलाएँ (घ) कलाओं का प्रदर्शन

**सोपान II. अति लघूत्तरात्मक प्रश्न- 1X1=1**

**(iv) भारत की समृद्ध विरासत का अनुमान किसके द्वारा लगाया जा सकता है?**

**सोपान III. लघूत्तरात्मक प्रश्न- 2X3=6**

**(v) परंपरागत कला के कितने रूप हैं? स्पष्ट कीजिए।**

**(vi) कला और संस्कृति समाज को कैसे प्रभावित करते हैं?**

**(vii) भारत के धार्मिक और आध्यात्मिक चित्रों को किसमें उभारा गया है?**

**2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 8**

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चाँद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है!
उलझनें अपनी बनाकर आप ही फँसता
और फिर बेचैन हो जगता न सोता है।

जानता है तू कि मैं कितना पुराना हूँ?
मैं चुका हूँ देख मनु को जनमते-मरते;
और लाखों बार तुझ-से पागलों को भी

चाँदनी में बैठ स्वप्नों पर सही करते।

आदमी का स्वप्न है वह बुलबुला जल का,
आज बनता और कल फिर फूट जाता है;
किंतु, तो भी धन्य; ठहरा आदमी ही तो!
बुलबुलों से खेलता, कविता बनाता है!
मैं न बोला, किंतु, मेरी रागिनी बोली,
चाँद ! फिर से देख, मुझको जानता है तू?

स्वप्न मेरे बुलबुले हैं है यही पानी
आग को भी क्या नहीं पहचानता है तू?
मैं न वह, जो स्वप्न पर केवल सही करते,
आग में उसको गला लोहा बनाती हूँ;
और उस पर नींव रखती हूँ नए घर की,
इस तरह, दीवार फ़ौलादी उठाती हूँ।

मनु नहीं, मनु-पुत्र है यह सामने,
जिसकी कल्पना की जीभ में भी धार होती है;
बाण ही होते विचारों के नहीं केवल,
स्वप्न के भी हाथ में तलवार होती है।

स्वर्ग के सम्राट को जाकर खबर कर दे,
"रोज़ ही आकाश चढ़ते जा रहे हैं ये;
रोकिए, जैसे बने, इन स्वप्नवालों को,
स्वर्ग की ही ओर बढ़ते आ रहे हैं ये।

**सोपान I. बहुविकल्पीय प्रश्न-** **1X3=3**

**`(i) चाँद ने कवि को पागल क्यों कहा है?**

(क) तरह-तरह की कल्पनाएँ करने के कारण (ख) कल्पनाओं से बचने के कारण

(ग) कल्पना न बनाने के कारण (घ) स्वप्न देखने के कारण

**(ii) प्रस्तुत काव्यांश में कवि की कल्पना किस पर टिकी है?**

(क) चाँद पर (ख) चाँदनी पर

(ग) कोरी कल्पना पर (घ) यथार्थ पर

**(iii) सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| A अनोखा जीव | 1 क्षणभंगुर |
| B बुलबुला जल का | 2 हर कार्य को करने की क्षमता |
| C स्वप्न के भी हाथ में तलवार | 3 मनुष्य |

**कूट**

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 3 | 1 | 2 | (ख) | 1 | 3 | 2 |
| (ग) | 1 | 2 | 3 | (घ) | 2 | 1 | 3 |

**सोपान II. अति लघूत्तरात्मक प्रश्न-** **1X1=1**

**(iv) कवि के अनुसार आदमी का स्वप्न कैसा है?**

**सोपान III. लघूत्तरात्मक प्रश्न-** **2X2=4**

**(v) कवि ने सपनों की गुणवत्ता के लिए क्या बताया है?**

**(vi) चाँद ने आदमी को अनोखा जीव क्यों कहा है?**

**खंड- 'ख' अभिव्यक्ति और माध्यम पाठ्यपुस्तक के आधार पर** **22 अंक**

**3. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक रचनात्मक लेखन लिखिए-** **6**

**(क) आज़ाद देश के 75 साल और भविष्य की उम्मीदें**

**संकेत बिन्दु -** • 75 वर्ष के बाद देश का वर्तमान • भविष्य के लक्ष्य • लक्ष्य पाने के रास्ते • नागरिकों का दायित्व

**(ख) जीवन संघर्ष का दूसरा नाम है**

**संकेत बिन्दु -** • जीवन और संघर्ष क्या है? • संघर्ष : सफलता का मूलतंत्र • असफलता से उत्पन्न निराशा और उत्कट जिजीविषा • जीवन का मूलमंत्र

**(ग) समय होत सबसे बलवान**

**संकेत बिन्दु -** • समय/काल का महत्त्व • सुख-दुःख का आवागमन • समय की बारीकी को समझना और उसके अनुसार कार्य करना • बुरे समय में भी हार न मानना

**4. आप अहमदाबाद के रहने वाले मनीष/मनीषा हैं। किसी कार्यवश रेल से मुम्बई जा रहे थे और बीच के एक छोटे स्टेशन पर आपका सामान चोरी हो गया। मुम्बई रेलवे स्टेशन के स्टेशन मास्टर को पूरी घटना की जानकारी देते हुए उचित शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही करने का अनुरोध करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।** **5**

**अथवा**

**विद्युत आपूर्ति अधिकारी, अ.ब.स नगर को 100 शब्दों में पत्र लिखकर नगर में की जा रही बिजली**

**कटौती एवं इससे होने वाली परेशानियों का उल्लेख कीजिए तथा इसके त्वरित समाधान का अनुरोध भी कीजिए।**

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X4=8**

(i) डायरी एक व्यक्तिगत दस्तावेज कैसे है?

(ii) वर्तमान में कंप्यूटर का पटकथा लेखन में क्या योगदान है?

(iii) 'डिकोडिंग' से क्या तात्पर्य है?

(iv) आपसी व्यवहार या जानकारी को समाचार क्यों नहीं माना जाता है?

6. **परीक्षा में प्रथम अंक लाने पर आपका मन अति प्रसन्न हुआ इस पर आज का अनुभव अपनी डायरी में लिखिए। 3**

**खंड- 'ग'आरोह भाग -1 एंव वितान भाग -1 पाठ्यपुस्तकों के आधार पर 40 अंक**

**7. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

पाँव जो पीछे हटाता,
कोख को मेरी लजाता,
इस तरह होओ न कच्चे,
रो पड़ेगे और बच्चे,

पिताजी ने कहा होगा,
हाय, कितना सहा होगा,
कहाँ, में रोता कहाँ हूँ
धीर मैं खोता कहाँ हूँ,

**(i) कवि की माँ किसे समझा रही होगी?**

(क) कवि के भाई को (ख) कवि की पत्नी को

(ग) कवि के पिता को (घ) कवि की बहन को

**(ii) कवि की माँ के अनुसार, कवि के पाँव पीछे हटाने से क्या होगा?**

(क) माँ की कोख लज्जित होगी (ख) मेरा ह्दय भर आएगा

(ग) मेरा मन दु:खी होगा (घ) मैं सहन नहीं कर पाऊंगी

**(iii) कवि कौन-से रास्ते पर चल रहा है?**

(क) गलत रास्ते पर (ख) प्रेम के रास्ते पर

(ग) अपने घर के रास्ते पर (घ) कर्तव्य पथ तथा संघर्ष के रास्ते पर

**(iv) कवि के पिताजी क्या कह रहे है?**

(क) मैं रो नहीं रहा हूँ (ख) मैं धैर्य नहीं खो रहा हूँ

(ग) (क) और (ख) दोनों (घ) मैं धैर्य खो रहा हूँ

**(v) 'कोख को लजाना' का अर्थ होगा**

(क) क्रोध दिलाना (ख) अपमानित होना

(ग) खुश होना (घ) उदास होना

8. **काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3X2=6**

(क) कवि ने चंपा की किन विशेषताओं का उल्लेख किया है? कविता के आलोक में अपने विचार स्पष्ट करे।

(ख) चंपा ने ऐसा क्यों कहा कि कलकत्ता पर बजर गिरे?

(ग) पानी के रातभर गिरने और प्राण-मन के घिरने में परस्पर क्या संबंध है?

9. **काव्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क) मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती हैं? वह रूप कैसा है?

(ख) कबीर ने अपने को दीवाना क्यों कहा है?

(ग) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं?

10. **निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 1X5=5**

उस सीन के बाकी अंश की शूटिंग हमने उसके अगले साल शरद ऋतु में, जब फिर से वह मैदान काशफूलों से भर गया, तब की। उसी समय रेलगाड़ी के शॉट्स लिए। लेकिन रेलगाड़ी के इतने शॉट्स थे कि एक रेलगाड़ी से काम नहीं चला। एक के बाद एक तीन रेलगाड़ियों को हमने शूटिंग के लिए इस्तेमाल किया। सुबह से लेकर दोपहर तक कितनी रेलगाड़ियाँ उस लाइन पर से जाती हैं- यह पहले ही टाइम-टेबल देखकर जान लिया था। हर एक ट्रेन एक ही दिशा से आने वाली थी। जिस स्टेशन से वे रेलगाड़ियाँ आने वाली थीं, उस स्टेशन पर हमारी टीम के अनिल बाबू थे। रेलगाड़ी स्टेशन से निकलते समय अनिल बाबू भी इंजन-ड्राइवर की केबिन में चढ़ते थे, क्योंकि गाड़ी के शूटिंग की जगह के पास आते ही बॉयलर में कोयला डालना जरूरी था, ताकि काला धुआँ निकले। सफेद काशफूलों की पृष्ठभूमि पर अगर काला धुआँ नहीं आया, तो दृश्य कैसे अच्छा लगेगा?

**(i) लेखक ने बचे हुए सीन का बाकी अंश कब शूट किया?**

(क) ग्रीष्म ऋतु में (ख) वर्षा ऋतु मे

(ग) शिशिर ऋतु में (घ) शरद ऋतु में

**(ii) फिर से मैदान किसके फूलों से भर गया?**

(क) काशफूलो से (ख) गुलाब के फूलों से

(ग) चमेली के फूलों से (घ) सदाबहार के फूलों से

**(iii) शूटिंग के लिए कितनी रेलगाड़ियों का प्रयोग किया गया?**

(क) चार (ख) एक

(ग) तीन (घ) दो

**(iv) स्टेशन पर लेखक की टीम के अनिल बाबू रेलगाड़ी में क्यों चढ़ते थे?**

(क) रेलगाड़ी चलाने के लिए (ख) बॉयलर में कोयला डालने के लिए

(ग) गार्ड बनने के लिए (घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

**(v) प्रस्तुत गद्यांश में 'बॉयलर' शब्द** है

(क) तद्भव (ख) तत्सम

(ग) देशज (घ) विदेशज

**11. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- 3X2=6**

(क) 'शिवशंभु की दो गायों' की कहानी के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?

(ख) 'आठ करोड़ प्रजा के गिड़गिड़ाकर विच्छेद न करने की प्रार्थना पर आपने ज़रा भी ध्यान नहीं दिया' - यहाँ किस ऐतिहासिक घटना की ओर संकेत किया गया है?

(ग) फ़िल्म में श्रीनिवास की क्या भूमिका थी? श्रीनिवास से जुड़े बाकी दृश्यों को उनके गुज़र जाने के बाद किस प्रकार फ़िल्म बनाया गया?

**12. गद्य खंड के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- 2X2=4**

(क) लॉर्ड कर्जन को इस्तीफ़ा क्यों देना पड़ा?

(ख) मुंशी वंशीधर को सरकारी नौकरी से क्यों हटा दिया गया?

(ग) लेखिका मियाँ नसीरुद्दीन के पास क्यों गई थी?

**13. वितान के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए- 5X2=10**

(क) दिनोंदिन बढ़ती पानी की समस्या से निपटने में 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ आपकी कैसे मदद कर सकता है तथा देश के अन्य राज्यों में इसके लिए क्या उपाय हो रहे हैं? इस संदर्भ में अपनी विचार लिखें ।

(ख) चेजारो के प्रति गाँव-समाज के लोगों के व्यवहार में पहले की तुलना में आज क्या फर्क आया है? 'राजस्थान की रजत बूँदें' पाठ के आधार पर बताइए।

(ग) शास्त्रीय एवं चित्रपट दोनों तरह के संगीतों के महत्त्व का आधार क्या होना चाहिए? कुमार गंधर्व की इस संबंध में क्या राय है? स्वयं आप क्या सोचते हैं?

--------------------X----------------------